# 15

# सफाई

E345K5

जंगल में आज बहुत चहल–पहल थी। जंगल के सभी जानवरों की सभा रखी गई थी। बरगद के नीचे हाथी, शेर, भेड़िया, लोमड़ी, सियार, भालू, बन्दर, हिरण, खरगोश, अजगर आदि सभी आ चुके थे। सबकी सहमति से हाथी को सभापति चुना गया। सभा शुरू हुई, सबने अपनी परेशानियाँ बताईं और मिलकर उनका हल ढूँढ़ा।

बारी खरगोश की थी वह बोला – ''मेरा तो जीना कठिन हो गया है। भालू अपने घर का कचरा मेरे बिल के पास फेंक देता है। यहाँ–वहाँ तो सभी थूकते रहते हैं। बंदर भी केला खाकर छिलका रास्ते में फेंक देता है। तालाब का पानी भी गंदा हो रहा है। मैं तो यह जंगल छोड़कर चला जाऊँगा।''

हाथी ने भालू की ओर देखा। डर कर भालू बोला – ''सभी जानवर ऐसा ही करते हैं तो, मैंने क्या गलती की? हाथी बोला– ''हाँ गलती तो हम सभी ने की है।'' तभी अचानक तेज आँधी चलने लगी और बारिश शुरू हो गई। सभा अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दी गई।



अगले दिन की सभा में जानवरों के बीच क्या चर्चा हुई होगी? अपने दोस्तों के साथ चर्चा करो।

पाठ में दी गई कहानी को पढ़कर बताओ कि अपने आसपास की सफाई के लिए हमें किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

1. ____________________________________________

2. ____________________________________________

3. ____________________________________________

नीचे दिए वाक्यों पर सही ( √ ) या गलत ( **x** ) का निशान लगाओ।

1. बेकार चीजों को कूड़ादान में फेंकना चाहिए। ( )
2. कई लोग खुले स्थानों पर थूकते हैं, यह सही है। ( )
3. हमें खाँसते हुए रूमाल का प्रयोग करना चाहिए। ( )
4. अपनी वस्तुओं को उचित स्थानों पर रखना चाहिए। ( )

हम अपने आस–पास को साफ–सुथरा कैसे रख सकते हैं? कक्षा में चर्चा करके लिखो।

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

आस–पास गंदगी होने से हमें क्या–क्या परेशानियाँ हो सकती है? लिखो।

1. ____________________________________________

2. ____________________________________________

3. ____________________________________________

साफ–सुथरा घर और आस–पास सभी को अच्छा लगता है। स्वच्छ और स्वस्थ रहने के लिए हमें कुछ अच्छी आदतों का पालन करना चाहिए। गाँव या मोहल्ले की सफाई के लिए तुम्हारे आस–पास के लोग क्या करते हैं? सामने दिए गए कोष्ठक में 'हाँ' या 'नहीं' लिखो।

1. तुम्हारे गाँव या मोहल्ले में कूड़ादान है? ( )
2. लोग कचरा कूड़ेदान में डालते हैं? ( )
3. गड्ढों में कचरा डालकर उसे मिट्टी से भरते हैं? ( )
4. सभी निर्धारित स्थानों पर शौच करते हैं? ( )
5. निर्धारित जगह पर थूकते हैं? ( )
6. जल के स्रोतों के आस–पास नियमित सफाई होती है? ( )
7. पालतू पशुओं के रहने के स्थान घर से अलग व साफ–सुथरे हैं? ( )
8. आस–पास को साफ रखने के लिये मिल–जुल कर प्रयास करते हैं? ( )

आस–पास की सफाई के लिये हम अकेले जिम्मेदार नहीं हैं। हमें मिल–जुल कर ही अपने परिवेश को साफ–सुथरा रखना होगा। जिससे हमें स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण मिल सके।

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. घर को साफ सुथरा न रखने पर क्या–क्या नुकसान होगा?
2. कूड़ा–कचरा खुले में फेंकने से क्या परेशानी होगी?

### लिखित

सही (✔) का चिन्ह लगाकर बताओ।

1. तुम्हारे घर में कैसा कूड़ादान होना चाहिए?
   (अ) बिना ढक्कन वाला (ब) ढक्कन वाला
2. गंदे पानी की निकासी कैसी नालियों में होनी चाहिए?
   (अ) खुली नाली (ब) ढकी नाली
3. हमें कहाँ थूकना चाहिए?
   (अ) दीवारों पर (ब) थूकदान में

## मिलान करो

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | मक्खी–मच्छर | 1 | कचरा |
| 2 | शुद्ध हवा | 3 | साफ परिवेश |
| 3 | सफाई कर्मचारी | 3 | बीमारी |
| 4 | स्वस्थ शरीर | 4 | पेड़–पौधे |

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो

1. हमें कुएँ के पास कपड़े और बर्तन क्यों नहीं धोने चाहिए?
2. आस–पास गंदगी होने से हमें क्या परेशानियाँ होंगी ?
3. नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर शब्द पूरे करो।

(अ) घर के बाहर न फेंके। | क | च | रा |

(ब) गंदे पानी में होते हैं। | | च्छ | |

(स) कूड़ा मुझमें डालें। | कू | | | |

(द) गंदी जगह पर बैठती है। | | |

## खोजो आस–पास

घर की अनुपयोगी वस्तुओं से कूड़ादान बनाओ और उसे उचित स्थान पर रखकर उसका उपयोग करो।

E3D1LS

● ● ●